**अभियंता प्रमुख का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग**
**सकारण आदेश**

संवेदक M/S Satyam Enterprises, Prop:-Jyoti Kumari, Regd. No- 2200675, At-Narayan Nagar, Manpur, Dist-Gaya, Bihar, Pin- 823003 को कार्य प्रमंडल, **गया** के अधीन योजनाशीर्ष **MMGSY(SC)** अंतर्गत **(1) महादलित टोला बंगलापुर से टी03 एन0एच0** पथ निर्माण कार्य आवंटित था जिसके एकरारनामा संख्या–71/MMGSY/SC/SBD/2020-21 के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि–10.12.2020 एवं कार्य पूर्णता की तिथि–09.09.2021 थी तथा **(2) एल057 से एल058 एवं (3) मदरडीह टोला रमना से एल0–21** तक पथ निर्माण कार्य आवंटित था जिसके एकरारनामा संख्या–148/MMGSY/SC/SBD/2021-22 के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि–27.10.2021 एवं कार्य पूर्णता की तिथि–26.07.2022 थी

उक्त दोनों पथों का निर्माण कार्य एकरारनामा के निर्धारित अवधि अंतर्गत पूर्ण नहीं करने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, **कार्य प्रमंडल, गया** का पत्रांक–1109 दिनांक–29.06.2021, पत्रांक–1845 दिनांक–12.08.2022, पत्रांक–455 दिनांक–17.03.2023 एवं पत्रांक–584 दिनांक–29.03.2023 एवं पत्रांक–520 दिनांक–25.03.2023, पत्रांक–973 दिनांक–18.05.2023 एवं पत्रांक–1479 दिनांक–03.08.2023 के माध्यम से कार्य पूर्ण करने हेतु संवेदक को स्मारित किया गया। परन्तु संवेदक द्वारा एकरारनामा शर्तो के अनुरूप कार्य पूर्ण करने में अभिरूचि नहीं ली गई।

उपरोक्त स्थिति में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गया का पत्रांक–2321 दिनांक–23.11.2023 द्वारा एकरारनामा संख्या–71/MMGSY/SC/SBD/2020-21 एवं पत्रांक–2306 दिनांक–22.11.2023 द्वारा एकरारनामा संख्या–148/MMGSY/SC/SBD/2021-22 को विखंडित किया गया।

मुख्य अभियंता–1, सम्प्रति, मुख्य अभियंता–2, गया ग्रामीण कार्य विभाग, पटना का पत्रांक–4005 दिनांक–08.12.2023, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, **कार्य अंचल, गया** का पत्रांक–1671 अनु0, 1673 अनु0 दिनांक–04.12.2023 / कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, **कार्य प्रमंडल, गया** का पत्रांक–2349 अनु0 दिनांक–24.11.2023, पत्रांक–2320 अनु0 दिनांक–23.11.2023 द्वारा कार्य को एकरारनामा के अनुसार एकरारित अवधि तक लंबित / अपूर्ण रखने एवं Program of Works के अनुसार समानुपातिक कार्य को अपूर्ण / लंबित रखने के कारण संवेदक को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराई गई। उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–6391 दिनांक–15.12.2023 द्वारा 15(पन्द्रह) दिनों के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी। निर्धारित अवधि के समाप्त हो जाने के बाद भी स्पष्टीकरण का जबाव उपलब्ध नहीं कराया गया। पुनः विभागीय पत्रांक–1058 दिनांक–28.02.2024 द्वारा संवेदक को स्मारित किया गया, फिर भी संवेदक द्वारा स्पष्टीकरण का जबाव अप्राप्त रहने के कारण पुनः संवेदक को अंतिम रूप से विभागीय पत्रांक–2713 दिनांक–14.08.2024 द्वारा स्मारित किया गया। संवेदक द्वारा कोई प्रतिउत्तर उपलब्ध नहीं कराया गया।

इससे स्पष्ट होता है कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है। कार्य अपूर्ण रहने के कारण आम जनता को योजना का लाभ नहीं मिल पाया। कार्य पूर्ण नहीं करने हेतु संवेदक दोषी है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरांत बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 कि कंडिका 11 (क) (vi) के आलोक में संवेदक M/S Satyam Enterprises, Prop:-Jyoti Kumari, At-Narayan Nagar, Manpur, Dist-Gaya, Bihar, Pin- 823003 के निबंधन संख्या–2200675 को अगले 03(तीन) वर्षो के लिए Blacklist किया जाता है।

27/09/24

(श्रीप्रकाश)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)सम्प्रति(नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची–10–82/2023-3142/पटना, दिनांकः–30/9/24

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/उर्जा विभाग, बिहार, पटना/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/09/24
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)सम्प्रति(नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची–10–82/2023-3142/पटना, दिनांकः–30/9/2024

प्रतिलिपिः–सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/ सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/09/24
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)सम्प्रति(नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची–10–82/2023-3142/पटना, दिनांकः–30/9/24

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/09/24
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)सम्प्रति(नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची–10–82/2023-3142/पटना, दिनांकः–30/9/24

प्रतिलिपिः– संवेदक M/S Satyam Enterprises, Prop:-Jyoti Kumari, At-Narayan Nagar, Manpur, Dist-Gaya, Bihar, Pin- 823003 को सूचनार्थ प्रेषित।

27/09/24
अभियंता प्रमुख